# वार्षिक परीक्षा

V

कक्षा – नवमीं

विषय– हिन्दी

समय– 3 घंटे | पूर्णांक – 75

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

1) प्रश्न क्र. 1 में क, ख, ग तीन खण्ड हैं, प्रत्येक खंड में 5 अंक हैं ।

2) प्रश्न क्र. 2 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए, प्रत्येक में 2 अंक निर्धारित हैं ।

3) प्रश्न क्र. 7 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए, प्रत्येक में 3 अंक ।

4) प्रश्न क्र. 11 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए, प्रत्येक में 4 अंक ।

5) प्रश्न क्र. 16 पत्र लेखन तथा प्रश्न क्र. 17 अपठित गद्यांश से संबंधित है, प्रत्येक में 5 अंक ।

6) प्रश्न क्र. 18 निबंध लेखन से संबंधित है, उत्तर लगभग 250–300 शब्दों में दीजिए; 8 अंक ।

प्रश्न 1. क) सही विकल्प चुनकर पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए –

1) अकेली पाठ के लेखक का नाम है –
   अ) प्रेमचंद   ब) जगदीश चंद्र माथुर
   स) मन्नू भंडारी   द) संकलित

2) रीढ़ की हड्डी पाठ गद्य की किस विधा के अन्तर्गत आता है–
   अ) एकांकी   ब) कहानी   स) लोककथा   द) व्यंग्य

3) नवलगढ़ राज्य में हर वर्ष मेला कब लगता है –
   अ) रक्षाबंधन   ब) दीपावली   स) दशहरा   द) होली

4) अखबार में नाम छपवाने की प्रबल इच्छा थी –
   अ) गुरदास   ब) बनवारी   स) मेहर   द) रमेश

5) एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव घोषित किया गया–
   अ) मेघालय   ब) भोपाल   स) मायलिनोंग   द) रामपुर

ख) उचित संबंध स्थापित कीजिए –

1) पेड़ – शायर
2) प्रधानमंत्री – जामुन
3) दबा आदमी – पिटोनिया
4) फाइल – आँधी
5) झक्कड़ – मुकम्मल

ग) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 5

1) मुकुटधर पाण्डेय का जन्म जाँजगीर–चाम्पा के ------ गांव में हुआ है ।
2) नँदिया–नरवा मा तँऊरत हे ----- के बिसवास इहाँ ।
3) खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय को ----- तीर्थ कहा गया है ।
4) हिरन अउ कोलिहा ----- लोककथा है ।
5) ----- के बेटे ने परिश्रम के महत्व को परिभाषित किया ।

प्रश्न 2. स्थायी भाव की कितनी संख्या होती है ।

प्रश्न 3. श्रृंगार रस का स्थायी भाव क्या है ?

प्रश्न 4. रात का राजा किसे कहा गया है ?

प्रश्न 5. माता-पिता कौन सा समास है ?

प्रश्न 6. चाँद शब्द में प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए ।

प्रश्न 7. गुरदास के पिता की उससे क्या अपेक्षा थी ?

प्रश्न 8. प्लास्टिक आज हमारे दैनिक जीवन में इतना जरुरी और लोकप्रिय क्यों हो गया है ?

प्रश्न 9. रमन प्रभाव क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 10. पांच रुपये और अंगूठी को आँचल में बाँधते समय बुआ के मन में क्या विचार चल रहे थे ?

प्रश्न 11. निम्न पंक्तियों का सप्रसंग भावार्थ स्पष्ट कीजिए -

शांतिपूर्ण लघु ग्राम बड़ा ही सुखमय होता है भाई,
देखो नगरों से भी बढ़कर इनकी शोभा अधिकाई ।
कपट, द्वेष, छलहीन यहाँ के रहने वाले चतुर किसान ।
दिवस बिताते हैं प्रफुल्लित चित, करते हैं,अतिथि का मान ।

अथवा

आ रही है रवि की सवारी,
नव-किरण का रथ सजा है,
कलि-कुसुम से पथ सजा है,
बादलों से अनुचरों ने स्वर्ण की पोशाक धारी ।
आ रही है रवि की सवारी,
विहग, बंदी और चारण,
गा रहे हैं कीर्ति-गायन,
छोड़कर मैदान भागी, तारकों की फौज सारी ।
आ रही है रवि की सवारी ।

प्रश्न 12. निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

राजमहल खूब सजाया जाता । नगर में कम उत्साह नहीं रहता । दूर-दूर से नृत्य मंडलियाँ आतीं, संगीत के कलाकारों का जमाव होता और रामलीला का तो जैसे अंत ही नहीं होता । सचमुच राजधानी मानिकपुरी उस दिन सजी-धजी दुल्हन से कम न लगती ।

अथवा

विलायती खेलों में सबसे बड़ा ऐब है कि उसके सामान महंगे होते हैं, जब तक कम से कम एक सैकड़ा न खर्च कीजिए खिलाड़ियों में शुमार ही नहीं हो पाता । यहाँ गुल्ली डण्डा है कि बिना हर्रा-फिटकरी के चोखा रंग देता है, पर हम अंग्रेजी चीजों के पीछे ऐसे दीवाने हो रहे हैं कि अपनी सभी चीजों से अरुचि हो गई ।

प्रश्न 13. रीढ़ की हड्डी एकांकी के आधार पर उमा का चरित्र चित्रण कीजिए । (कोई 4)

प्रश्न 14. केकड़ा और ठेंगा ने किसान के बेटे की रक्षा किस तरह की ?

**अथवा**

कोलिहा हर बटुरा के खेत म आगी काबर लगा दिस ?

प्रश्न 15. गाँव के पुल का नाम **लाइव रूट ब्रिज** ही क्यों रखा गया होगा ?

**अथवा**

ग्रीष्मकाल में झाँझ के चलने से मनुष्य किस प्रकार प्रभावित होता है ?

प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम आवश्यक है । व्यायाम दो प्रकार का होता है - मानसिक और शारीरिक । पढ़ना, लिखना, मनन-चिन्तन, मानसिक व्यायाम के अंग है । घूमना, कसरत करना आदि शारीरिक व्यायाम कहलाता है । मानसिक व्यायाम के पश्चात् शरीर को विश्राम देना चाहिए । जिसके साथ यह भी सत्य है कि मानसिक और बौद्धिक स्फूर्ति के लिए व्यायाम भी आवश्यक है ।

प्रश्न 1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

2) व्यायाम क्यों आवश्यक है ? 1

3) व्यायाम के कितने प्रकार हैं ? 1

4) गद्यांश का सारांश लिखिए । 2

प्रश्न 17. अपने प्राचार्य महोदय को शाला स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

प्रश्न 18. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए -

1) स्वच्छ भारत अभियान
2) पर्यावरण प्रदूषण
3) जीवन में खेलों का महत्व
4) विज्ञान के चमत्कार